प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 16.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेशभर में बारिश का दौर बना हुआ है। पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बरसात हुई। इसके साथ ही कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में हल्की बरसात हुई। इन इलाकों में एक दो स्थानों पर भारी बरसात रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा 7 सेंटीमीटर बरसात पाली के बाली में दर्ज हुई। इसके अलावा उदयपुर के गोगुंदा में भी 7 सेंटीमीटर पानी बरसा। झालावाड़ के पिरावा, डूंगरपुर के देवल, भरतपुर के पहाडी में 6–6 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुई। राजसमंद के नाथद्वारा और कुंभलगढ में 5–5 सेंटीमीटर बरिश हुई। विभाग ने अगले 4–5 दिन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। आज चार जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इनमें अजमेर, जयपुर, नागौर और पाली जिले शामिल है। यहां एक–दो दौर भारी बरसात के हो सकते है। वहीं 16 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

0000

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर रहा है। नई दिल्ली स्थित उनके समाधि स्थल सदैव अटल पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम रखा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया जा रहा है। पाली के लाखोटिया उद्यान में उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढाये गये। साथ ही काव्य पाठ और संगोष्ठी रखी गई है। कोटपूतली और पावटा में श्री वाजपेयी की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। श्री वाजपेयी का वर्ष 2018 में 16 अगस्त को उनका निधन हुआ था। वे तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। वर्ष 2015 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया।

0000

जन्माष्टमी पर आज प्रदेशभर में श्रीकृष्ण मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर आकर्षक सजावट की गई है। इसके साथ ही झांकियां भी सजायी गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन्मोत्सव के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। नंद के लाल का अभिषेक कर नई पोशाक धारण कराई जा रही है तो कहीं बधाई गान हो रहे है। जयपुर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में मंगला झांकी से ही भक्तों का पंहुचना शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन और पुलिस की ओर से कई इंतजाम किये गये है। नाथद्वारा के श्रीनाथ जी मंदिर में भगवान के विभिन्न रूपों की झांकियों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। रात को श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में रिसाला चौक पर 21 तोंपों की सलामी दी जायेगी। करौली के मदन मोहन जी, चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ,और सीकर के खाटूश्याम मंदिर में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। सिरोही में जन्माष्टमी के पर्व पर विभिन्न स्थानों पर महिलाएं तालाब का पूजन कर रही है। इसके अलावा गलियों, मोहल्लों और कॉलोनियों में दही हांडी के आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास है।

0000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे से आज राजभवन में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय ने मुलाकात की। कुलगुरु बनने के बाद प्रो. पांडेय की राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक "भारत बोध और भक्ति कविता" की प्रति राज्यपाल को भेंट की।

0000

जयपुर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक में 31 हजार 900 रूपये के नकली नोट जमा होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार रिजर्व बैंक में इस वर्ष जनवरी से जून तक की अवधि के दौरान कई जिलों के बैंक से आई करेंसी की चेकिंग में चौंसठ जाली नोट पकड़े गए हैं। इनमें सौ रुपए से लेकर

दो हजार तक के नोट शामिल हैं। बैंक मैनेजर विशाल देसाई की ओर से पुलिस को इसकी रिपोर्ट दी गई थी, जिस पर पुलिस ने जीरो नंबर की एफआईआर पर छह मामले दर्ज कर संबंधित थानों में भेज दिये है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

00000